वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा स्नातक के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता जी, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता जी एवं कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी के संरक्षण में महाविद्यालय प्रांगण में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ सत्र के अंत में विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की आराधना के साथ तथा प्राचार्य जी को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षा का समय नजदीक है यह समय कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करके आगे बढ़ने का समय है और मेहनत से कमाए पैसों के मूल्य को समझाया । इस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की स्नातक कक्षा की मिस फेयरवेल प्रीती और मिस्टर फेयरवेल लोकेश, मिस ब्यूटीफुल श्रुति और मिस पर्सनालिटी सुनिधि को चुना गया।

अंत में विभागाध्यक्षा डॉ० शोभना गोयल ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। 100 विद्यार्थी इस विदाई समारोह में सम्मिलित रहे। वाणिज्य विभाग के सभी प्रवक्तागण के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।